सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद
Centre for Social Forestry and Eco-Rehabilitation
3/1 लाजपत राय रोड, नया कटरा, इलाहाबाद–211002
3/1 Lajpat Rai Road, Allahabad – 211002

पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि–वानिकी का विकास .. कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र इलाहाबाद द्वारा दिनांक 10/02/2016 को केन्द्रीय पौधशाला, पड़िला में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इलाहाबाद जिले के कृषकों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में केन्द्र के निदेशक श्री एम0 के0 शुक्ला ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री शुक्ला ने कृषि वानिकी द्वारा कृषकों की भूमि पर पूर्वी उत्तर–प्रदेश की विभिन्न वानिकी प्रजातियों द्वारा वृक्ष आवरण में वृद्धि हेतु संदेश दिया।

केन्द्र की वैज्ञानिक डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने क्षेत्र के सीमान्त तथा अति लघु कृषकों हेतु योजनाबद्ध चरण में कृषि वानिकी प्रजातियों यथा–सागौन, आंवला, यूकेलिप्टस, मीलिया, बांस, शीशम, पॉपलर आदि प्रजातियों को अपनाने हेतु प्रकाश डाला।

केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 कुमुद दूबे ने कृषि वानिकी में मीलिया डूबिया प्रजाति की नर्सरी रोपण रख–रखाव तथा लाभ आदि के विषय में जानकारी दिया।

केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनीता तोमर ने कृषि–वानिकी में पॉपलर प्रजाति की नर्सरी, रोपण तथा रख–रखाव आदि के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। डा0 तोमर ने पॉपलर की कटिंग्स तथा ई0टी0पी0 आदि की नर्सरी में उपलब्धता के विषय में भी जानकारी दिया। उन्होने विलुप्त प्रजातियों यथा–बड़हल, लसोढ़ा, फॉलसा तथा आमरा आदि के भी रोपण विधियों की जानकारी दिया।

केन्द्र के अनुसंधान अधिकारी डा0 वी0पी0 पाण्डेय ने नर्सरी तथा पौधरोपण में लगने वाले रोगों की पहचान तथा उसके निदान विधियों पर विस्तार से जानकारी दिया।

केन्द्र की वैज्ञानिक डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने कृषि–वानिकी उत्पादों की बिक्री विधियों तथा समीपवर्ती क्षेत्रों में उपलब्ध काष्ठ बाजार तथा प्लाईवुड .. वीनियर उद्योगों की जानकारी दिया। पॉपलर का वेजिटेटिव मल्टीप्लीकेशन गार्डेन तथा मीलिया–डूबिया के कृषि–वानिकी प्रदर्शन मॉडलों का कृषकों को क्षेत्र भ्रमण कराया गया।

डा0 अनीता तोमर, वैज्ञानिक द्वारा डा0 एस0डी0 शुक्ला के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

स्वागत भाषण

वैज्ञानिकों द्वारा कृषि वानिकी सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागीगण